उत्तर प्रदेश शासन

राजस्व अनुभाग-1

संख्या-3/1161/एक-1-2014-5(62)/2014

लखनऊ: दिनाँक: 31 दिसम्बर, 2014

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 1951) की धारा 117 की उपधारा (6) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके एवं शासनादेश संख्या- प्र0स0-474/एक-1/2008-5-1(48)/2008-78, दिनाँक 19-12-2008 में दिये गये निर्देशों/शर्तो के अधीन एवं इस सीमा तक और सरकारी आदेश संख्या-68/तीन-2(6)/1979-राजस्व-1, दिनाँक 01 जुलाई, 1983 का आंशिक उपान्तर करके श्री राज्यपाल महोदय द्वारा नीचे दी गयी अनुसूची में उल्लिखित भूमि, जो कि पूर्व में आदेश संख्या-68/3-2(6)/1979-रा0-1, दिनाँक 05 सितम्बर, 1986 द्वारा यथा संशोधित उक्त आदेश द्वारा इस अनुसूची के स्तम्भ-5 में उल्लिखित गॉव सभा में निहित की गई थी, का पुनर्ग्रहण करते हुए आगरा से लखनऊ तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेस वे (ग्रीन फील्ड) परियोजना के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को भूमि उपलब्ध कराने हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निवर्तन पर रखते है।

अनुसूची

क्र0 सं0	जिला	तहसील	परगना	गॉव	गाटा संख्या	क्षेत्रफल (हे0 में)	विवरण/प्रयोजन
1	2	3	4	5	6	7	8
1	आगरा	सदर	सदर	बरौली गूजर	2749	0.020	औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निवर्तन पर रखते हुए आगरा से लखनऊ तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेस वे (ग्रीन फील्ड) परियोजना के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को उपलब्ध कराने हेतु।
2				बिसारना	130	0.053	
3					148	0.025	
4					156	0.003	
5					157	0.075	
6					259	0.060	
7					266	0.058	
8					270	0.027	
9				इकथरा	113	0.040	
10					139	0.068	
11					141	0.114	
12				नदौता	204	0.090	

shasnadesh.up.nic.in

13				विझामई	67	0.092	
14					240	0.035	
15					285	0.150	
16					360	0.5076	
17					746	0.042	
18				एतदमादपुर मदरा	796	0.0206	
19				हिंगोट खेडिया	106	0.2689	
20					191	0.0032	
21					315	0.068	
				योग	**कुल 21 गाटा**	**1.8203 हे0**	

आज्ञा से,

सुरेश चन्द्रा
प्रमुख सचिव।

संख्या-1161(1)/एक-1-2014-5(62)/2014 तद् दिनाँक।

प्रतिलिपि जिलाधिकारी, आगरा को उनके पत्र संख्या-396/डी.एल.आर.सी, दिनाँक 12.08.2014 के सन्दर्भ में इस आशय के साथ प्रेषित कि वह इस आदेश की प्रतियाँ कलेक्टर न्यायालय के सूचना पट पर तहसील भवन तथा सम्बन्धित ग्राम में किसी सहज दृश्य स्थान पर चस्पा करायें तथा प्रत्येक स्थान पर उक्त आदेश के चस्पा होने की तिथि अंकित करते हुए अनुपालन आख्या राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- यह भी अपेक्षित है कि राजस्व अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-258/16(1)-73-रा0-1, दिनाँक 09 मई, 1984 के अनुसार पुनर्ग्रहीत भूमि कुल 21 गाटा रकबा 1.8203 हे0 का वर्तमान प्रचलित बाजार दर पर आंकलित मूल्य तथा शासनादेश संख्या-888/एक-1/04-रा0-1, दिनाँक 14-09-2004 के अनुसार उक्त भूमि की नयी दरों पर निकाली गई मालगुजारी के 150 गुना के बराबर पूंजीकृत मूल्य/वार्षिक किराया लेखाशीर्षक "0029-भू राजस्व-800-अन्य प्राप्तियाँ-08-मालिकाना राजस्व-0806-प्रकीर्ण प्राप्तियाँ" के नाम जमा कराये जाने की सूचना तथा चालान की प्रति राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा

-3-

shasnadesh.up.nic.in

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्तानुसार वॉछित धनराशि जमा कराये जाने के पश्चात भूमि का कब्जा उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को दिया जायेगा। वार्षिक किराया प्रति वर्ष देय होगा। उक्त भूमि औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निवर्तन पर रखी जायेगी ।

4- आगरा से लखनऊ तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेस-वे (ग्रीन फील्ड) परियोजना के व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक उपयोग की भूमि यथा-सेक्टर मार्ग, चकमार्ग, रास्ता, सड़क, नाली, हड़वार, मरघट, शमशान, चाहकूल एवं युवक मंगल दल की भूमि इस शर्त के अधीन पुनर्ग्रहण कर दिये जाने पर विचार किया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) सेक्टर मार्ग, चकमार्ग, रास्ता व सड़क की भूमि के पुनर्ग्रहण के उपरान्त ग्रामवासियों का आवागमन बाधित नहीं करेंगे तथा नाली के माध्यम से हो रहे सिंचाई की सुविधा तथा पानी के नैसर्गिक बहाव को भी अवरूद्व नहीं करेंगे। हड़वार, मरघट, शमशान, चाहकूल एवं युवक मंगल दल की भूमि का पुनर्ग्रहण इस शर्त के अधीन किया जा रहा है कि उक्त भूमि की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उक्त भूमि की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने पर पुनर्ग्रहीत भूमि का मूल्य नहीं लिया जायेगा। शासनादेश संख्या-963/एक-1-2004-1-1(10)/2002-15-रा0-1, दिनॉक 30.06.2004 के अनुसार सार्वजनिक उपयोग की भूमि की वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उक्त भूमियों के पुनर्ग्रहण से किसी धार्मिक उत्तेजना की आशंका न हो।

मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या-4787/2001 हिन्च लाल तिवारी बनाम कमला देवी आदि में पारित आदेश दिनॉक 25.07.2001 में तालाब, पोखरों एवं जलाशयों तथा अन्य जल प्रणालियों के वर्तमान स्वरूप को अपरिवर्तित बनाये रखने के आदेश दिये गये हैं। शासनादेश संख्या-915/एक-1-2006, दिनॉक 06.06.2006 द्वारा तालाब, पोखरों एवं धौला आदि का पुनर्ग्रहण नहीं किये जाने के निर्देश हैं अर्थात् उनके मूल स्वरूप में कोई परिवर्तन न किया जाये। आगरा से लखनऊ तक प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेस-वे (ग्रीन फील्ड) परियोजना के व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुए पोखर की भूमि के पुनर्ग्रहण की अनुमति इस शर्त के अधीन प्रदान की जा रही है कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गयी व्यवस्था के अनुरूप पोखर के प्राकृतिक स्वरूप को परिवर्तित नहीं करेंगे बल्कि पूर्व की भॉति पोखर का स्वरूप एवं जल संचयन की क्षमता बनाये रखेंगे और उसे अपने व्यय पर खुदाई कराकर और गहरा करायेंगे। यूपीडा पोखर पर ड्रेन/पुल/पुलिया का निर्माण कराते हुए नैसर्गिक जल प्रवाह एवं प्राकृतिक स्वरूप को यथावत बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। उक्त सभी शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अनुपालन जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

shasnadesh.up.nic.in

4- जिलाधिकारी द्वारा शासनादेश संख्या-प्र0स0-474/एक-1/2008-5-1(48)/2008-78, दिनाँक 19-12-2008 में दिये गये निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन कराया जाय तथा निर्धारित प्रारूप पर यथा निर्देश पुनर्ग्रहण की सूचना भी उपलब्ध कराया जाये।

आज्ञा से,

सुरेश चन्द्रा
प्रमुख सचिव।

संख्या-1161(2)/एक-1-2014-5(62)/2014 तद् दिनाँक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2- आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3- आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा ।
4- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) सी-13, द्वितीय तल, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अशोक कुमार)
अनु सचिव।

shasnadesh.up.nic.in